**Title: Demand to allocate the funds for maintenance of the railway track from Chhapra to Mohamadpur via Baniyapur.**

**श्री प्रभुनाथ सिंह (महाराजगंज, बिहार) :** उपाध्यक्ष जी, केन्द्र सरकार के सरफेस-ट्रांसपोर्ट विभाग द्वारा हर राज्य में कुछ न कुछ एन.एच. के अन्तर्गत सड़के ली गयी हैं। बिहार में भी एन.एच. के अन्तर्गत कई सड़कों को लिया गया है। छपरा से गोपाल गंज, छपरा से मोहम्मद पुर वाया जलालपुर, बनियापुर मलमलैया।

उपाध्यक्ष जी, बिहार में विगत दिनों में काफी बाढ़ आई थी। बिहार की आर्थिक स्थिति से आप भी वाकिफ हैं और पूरा सदन भी वाकिफ है। बाढ़ के चलते सारी सड़कें क्षतिग्रस्त हो गयी हैं। छपरा से मोहम्मद पुर वाया बनियापुर जहां पर आवागमन भी अवरुद्ध हो चुका है। लेकिन एन.एच के अन्तर्गत सड़कों के जाने के कारण राज्य सरकार इनके रखरखाव और मरम्मत पर पैसा खर्च नहीं कर रही है। साथ ही केन्द्र सरकार एन.एच. हो जाने के बाद भी उसके रखरखाव के लिए पैसा नहीं भेज रही है। मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि उस पथ को जो छपरा से मोहम्मद पुर वाया बनियापुर, भगवानपुर है और बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त है, केन्द्र सरकार शीघ्र पैसा मुहैया करवाकर मरम्मत करवाये ताकि लोगों को आवागमन की सुविधा मिल सके।

------------

**13.04 hrs.**

SHRI AJOY CHAKRABORTY (BASIRHAT): Sir, I have given notice.

MR. DEPUTY-SPEAKER: If you keep mentioning about it, your chance of being called would become less. Your notice is here, I will call you.